# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
## कुशीनगर

✆ 05564 297311

✉ eeruralkushinagar@gmail.com


पत्रांक 1724 / कार्य-21 / 1102 दिनांकः 03 / 06 / 2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,

कुशीनगर।

**विषय– ई– पेपर के माध्यम से प्रकाशित प्रकरण की आख्या के सम्बन्ध में**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक ई–पेपर अमर उजाला कुशीनगर के प्रकाशन दिनांक 16.04.2026 के शीर्षक "टंकिया बनकर तैयार, पर घरों तक नही पहुचा पानी" के सम्बन्ध में आप द्वारा आख्या चाही गयी है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि उपरोक्त प्रकरण जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्मित/निर्माणाधीन ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाओं तथा उ0प्र0 जल निगम द्वारा पूर्व निर्मित ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाओं के सम्बन्ध में प्रकाशित किया गया है। अवगत कराना है कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के फेज–2 व फेज–3 में कुल 453 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिनकी अनुमानित लागत (रू0 लाख में) 183866. 40 है, जिनसे जनपद के कुल 667 अदद् ग्राम पंचायतो के 904 अदद् राजस्व ग्रामों में कुल 333353 अदद् गृह जल संयोजन किया जाना है। उक्त 453 अदद् योजनाओं में कुल 454 अदद् ट्यूबवेल (पम्पिंग प्लान्ट सहित), 454 अदद् पम्प हाउस, 454 अदद् शिरोपरि जलाशय एवं 6389 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाया जाना प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष कुल 453 अदद् ट्यूबवेल (पम्पिंग प्लान्ट सहित), 442 अदद् पम्प हाउस, 233 अदद् शिरोपरि जलाशय एवं 6232 किमी0 वितरण प्रणाली का कार्य हुआ है तथा शेष कार्य प्रगति पर है। लगभग 550 अदद् राजस्व ग्रामों में पूर्ण/आंशिक रूप से जलापूर्ति की जा रही है (फोटोग्राफ संलग्न)।

यहाँ यह भी अवगत कराना है कि उक्त कार्यो के मद में विगत 14 माह से समुचित भुगतान न हो पाने के कारण कार्यो की प्रगति प्रभावित हुई है तथा उक्त कार्यो को पूर्ण करने की लक्षित तिथि को भारत सरकार के स्तर से वर्ष 2028 तक विस्तारित कर दिया गया है। वर्तमान में उक्त कार्यो के मद में धन उपलब्धता हो गयी है जिन्हें लक्षित समयावधि में पूर्ण करते हुये सूचारू रूप से जलापूर्ति की जानी है।

साथ ही यह भी अवगत कराना है कि जनपद कुशीनगर मे उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा पूर्व निर्मित समस्त 195 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण एवं संचालन हेतु उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) मुख्यालय द्वारा मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड को नामित किया गया है, जिसमें से 21 अदद् ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाए पूर्ण क्षमता पर तथा 109 अदद् ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाओं से आंशिक रूप से जलापूर्ति की जा रही है (फोटोग्राफ संलग्न) तथा 65 अदद् ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाए विभिन्न कारणो यथा वितरण प्रणाली क्षतिग्रस्त होना, गृह जल संयोजन क्षतिग्रस्त होना, पंम्पिंग प्लान्ट/ट्रान्सफार्मर में खराबी होना आदि से जलापूर्ति बंद है। उक्त एजेंसी द्वारा जनपद की समस्त पूर्व निर्मित योजनाओं के अनुरक्षण एवं संचालन हेतु सर्वेक्षण तथा प्राक्कलन विरचन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिसकी स्वीकृ ति के उपरान्त उक्त कार्यो को कराते हुये सूचारू रूप से जलापर्ति की जानी है।

अतः आख्या आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– जिला सूचना अधिकारी, कुशीनगर।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
## कुशीनगर

✆ 05564 297311

✉ eeruralkushinagar@gmail.com


पत्रांक 1724 / कार्य-21 / 1162 दिनांकः 03 / 06 / 2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
कुशीनगर।

विषय– ई– पेपर के माध्यम से प्रकाशित प्रकरण की आख्या के सम्बन्ध में

महोदय,

उपरोक्त विषयक ई–पेपर अमर उजाला कुशीनगर के प्रकाशन दिनांक 16.04.2026 के शीर्षक "टंकिया बनकर तैयार, पर घरों तक नही पहुचा पानी" के सम्बन्ध में आप द्वारा आख्या चाही गयी है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि उपरोक्त प्रकरण जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्मित/निर्माणाधीन ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाओं तथा उ0प्र0 जल निगम द्वारा पूर्व निर्मित ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाओं के सम्बन्ध में प्रकाशित किया गया है। अवगत कराना है कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के फेज–2 व फेज–3 में कुल 453 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिनकी अनुमानित लागत (रू0 लाख में) 183866.40 है, जिनसे जनपद के कुल 667 अदद् ग्राम पंचायतो के 904 अदद् राजस्व ग्रामों में कुल 333353 अदद् गृह जल संयोजन किया जाना है। उक्त 453 अदद् योजनाओं में कुल 454 अदद् ट्यूबवेल (पम्पिंग प्लान्ट सहित), 454 अदद् पम्प हाउस, 454 अदद् शिरोपरि जलाशय एवं 6389 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाया जाना प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष कुल 453 अदद् ट्यूबवेल (पम्पिंग प्लान्ट सहित), 442 अदद् पम्प हाउस, 233 अदद् शिरोपरि जलाशय एवं 6232 किमी0 वितरण प्रणाली का कार्य हुआ है तथा शेष कार्य प्रगति पर है। लगभग 550 अदद् राजस्व ग्रामों में पूर्ण/आंशिक रूप से जलापूर्ति की जा रही है (फोटोग्राफ संलग्न)।

यहाँ यह भी अवगत कराना है कि उक्त कार्यो के मद में विगत 14 माह से समुचित भुगतान न हो पाने के कारण कार्यो की प्रगति प्रभावित हुई है तथा उक्त कार्यो को पूर्ण करने की लक्षित तिथि को भारत सरकार के स्तर से वर्ष 2028 तक विस्तारित कर दिया गया है। वर्तमान में उक्त कार्यो के मद में धन उपलब्धता हो गयी है जिन्हें लक्षित समयावधि में पूर्ण करते हुये सूचारू रूप से जलापूर्ति की जानी है।

साथ ही यह भी अवगत कराना है कि जनपद कुशीनगर मे उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा पूर्व निर्मित समस्त 195 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण एवं संचालन हेतु उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) मुख्यालय द्वारा मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड को नामित किया गया है, जिसमें से 21 अदद् ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाए पूर्ण क्षमता पर तथा 109 अदद् ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाओं से आंशिक रूप से जलापूर्ति की जा रही है (फोटोग्राफ संलग्न) तथा 65 अदद् ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाए विभिन्न कारणो यथा वितरण प्रणाली क्षतिग्रस्त होना, गृह जल संयोजन क्षतिग्रस्त होना, पम्पिंग प्लान्ट/ट्रान्सफार्मर में खराबी होना आदि से जलापूर्ति बंद है। उक्त एजेंसी द्वारा जनपद की समस्त पूर्व निर्मित योजनाओं के अनुरक्षण एवं संचालन हेतु सर्वेक्षण तथा प्राक्कलन विरचन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिसकी स्वीकृति के उपरान्त उक्त कार्यो को कराते हुये सूचारू रूप से जलापर्ति की जानी है।

अतः आख्या आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

/

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– जिला सूचना अधिकारी, कुशीनगर।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner



Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner